कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-21.04.2024

विषय:- थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम द्वारा शातिर चोर धीरज शर्मा गिरफ्तार, कब्जे से कुल 16 अदद की-पैड मोबाईल, 03 अदद एंड्रॉइड फोन समेत अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स व 1850/- रू0 नकद बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैंट के नेतृत्व में इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य व मुखबिर की सहायता से थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0-0125/2024 धारा 457,380,411 भा0द0वि0 थाना लालपुर पाण्डेयपुर से संबंधित वांछित नामजद अभियुक्त धीरज शर्मा पुत्र शीतला प्रसाद शर्मा निवासी-एस 2/69 पाण्डेयपुर गाँव थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी को प्रेमचन्द्र नगर कालोनी के पार्क से दिनांक-20.04.2024 को समय करीब 21.25 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से कुल 16 अदद की-पैड मोबाईल फोन, 01 अदद नेक बैंड, 05 अदद इयर बड्स, 02 अदद ब्लूटूथ स्पीकर, 05 अदद मोबाईल चार्जर, 08 अदद डाटा केबल छोटा/बड़ा, 03 अदद पुराने एन्ड्रायड फोन व 1850/- रुपये नगद बरामद हुआ। उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी की सम्बन्ध में थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक 16.04.2024 को वादी मुकदमा श्री अविनाश त्रिपाठी पुत्र विजय त्रिपाठी निवासी SA 2/7 J-9-K विराट नगर कालोनी पाण्डेयपुर जनपद वाराणसी ने दिनांक-13/04/24 को SA 2/418 पाण्डेपुर छोटा लालपुर आजमगढ़ रोड, चौरा माता मन्दीर के पास स्थित उनकी दुकान R.A. Enterprises से 28 पिस की-पैड फोन तथा 06 पीस स्मार्ट फोन चोरी हो जाने के सम्बन्ध मे प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना लालपुर पाण्डेयपुर मे मु0अ0सं0-0125/2024 धारा 457,380 भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उ0नि0 संतोष कुमार थाना लालपुर पाण्डेयपुर वाराणसी द्वारा सम्पादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-धीरज शर्मा पुत्र शीतला प्रसाद शर्मा निवासी-एस 2/69 पाण्डेयपुर गाँव थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी, उम्र करीब 28 वर्ष।

बरामदगी का विवरण-कुल 16 अदद की-पैड मोबाईल फोन, 01 अदद नेक बैंड, 05 अदद इयर बड्स, 02 अदद ब्लूटूथ स्पीकर, 05 अदद मोबाईल चार्जर, 08 अदद डाटा केबल छोटा/बड़ा, 03 अदद पुराने एन्ड्रायड फोन व 1850/- रुपये नगद बरामद।

<u>गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

1. उ0नि0 संतोष कुमार थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. प्रशि0 उ0नि0 चन्द्रेश प्रसाद थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3. प्रशि0 उ0नि0 करुणाशील थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का 0अमरेश कुमार यादव थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट
वाराणसी।